# देश में आफत की बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**हरियाणा की बारिश से बढ़ी उत्तर भारत की मुश्किलें**

**खतरे के निशान के करीब गंगा, अलर्ट पर प्रशासन**



**अमृतसर, गांधीनगर, 07 सितंबर ( वार्ता ). देश में आफत की बारिश और पहाड़ों से बहता बाढ़ का पानी उत्तर भारत के कई राज्यों में कहर बरपा रहा है. नदियां उफान पर हैं, खेत डूब रहे हैं और हजारों लोग विस्थापन के कगार पर हैं.**

उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं. कहीं पानी का स्तर प्रति घंटे बढ़ रहा है तो कहीं तकनिकी नवाचार जैसे ड्रोन और मोबाइल शिविर ही जीवन रेखा बन चुके हैं.

### हरियाणा में आपदा ने 2,748 गांवों को किया प्रभावित

हरियाणा में हालिया वर्षा और नदियों के उफान ने राज्य के कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दी है। इस आपदा ने 2,748 गांवों को प्रभावित किया है। 11 शहरों व 72 कस्बों में भी कई कालोनियों में जलभराव है। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी चेतावनियों के अनुसार, कई नदियां खतरे के स्तर पर बह रही हैं।

### गुजरात में राज्य प्रशासन ने किया अलर्ट जारी

गुजरात इस साल एक अनोखे और तीव्र मानसून अनुभव से गुजर रहा है। तेज बारिश, डैमों में जलस्तर की बढ़ोत्तरी और समुद्र में उठती ऊंची लहरों ने राज्य प्रशासन को अलर्ट पर ला दिया है। भारतीय मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है, वहीं भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सरदार सरोवर डैम वर्तमान में 91.26% भराव क्षमता पर पहुंच गया है, जिसमें 3,09,048 एमसीएफटी पानी संग्रहित है। गुजरात के कुल 206 जलाशयों में से 123 डैम हाई अलर्ट पर, 20 डैम अलर्ट पर और 14 डैम चेतावनी स्तर पर पहुंच चुके हैं।

### गृह मंत्रालय की टीम ने किया कश्मीर का दौरा

**श्रीनगर, 07 सितंबर (वार्ता)** गृह मंत्रालय की एक टीम हाल ही में हुई भारी बारिश से कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में आयी बाढ़ से हुये नुकसान का आकलन करने के लिए पहुंची। टीम ने प्रभावित इलाकों का मौके पर जाकर आंकलन किया और राहत एवं पुनर्वास उपायों की समीक्षा करने के लिये स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत की।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, यह स्थिति हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में हो रही भारी वर्षा के कारण बनी है। वहां का अतिरिक्त पानी यमुना नदी के माध्यम से प्रयागराज होते हुए गंगा में मिल रहा है, जिससे भदोही में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक डॉ. अतुल फुलझेले ने रविवार को फिरोज़पुर सीमा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने प्रीतम सिंह वाला, पछारियां, पल्ला मेघा, जखरावां, कमलेवाला दुलचिके का निरीक्षण किया।

# रूस ने यूक्रेन पर 800 ड्रोन दागे

▶ युद्ध के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आक्रमण



**कीव, 7 सितंबर. रूस-यूक्रेन युद्ध के इतिहास में रविवार का दिन अब तक का सबसे भयावह रहा, जब रूस ने यूक्रेन पर एक साथ 800 से अधिक ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं।**

यह हमला कीव सहित 37 शहरों में हुआ, जिससे पूरे यूक्रेन में दहशत का माहौल बन गया। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने पुष्टि की कि यह हमला फरवरी 2022 से अब तक का सबसे बड़ा रूसी ड्रोन हमला है। वायु सेना के मुताबिक, 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया गया या निष्क्रिय किया गया, लेकिन शेष ने तबाही मचाई। हमले में कीव के सरकारी मंत्रालय भवन को भी निशाना बनाया गया। यह पहली बार है जब रूसी ड्रोन ने राजधानी की प्रमुख सरकारी इमारतों को निशाना बनाया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 15 घायल हो गए हैं। हमले के बाद राजधानी में धुएं का गुबार छा गया। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने एक सरकारी इमारत की छत से धुआं उठते देखा।

# बंगाल में घुसपैठ और हिंदुओं के लिए बढ़ता खतरा गंभीर चिंता का विषय : आरएसएस

**जोधपुर, 7 सितम्बर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ समन्वय कार्यक्रम का समापन शनिवार को जोधपुर में हुआ. अंतिम दिन आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी.**



उन्होंने कहा कि देश के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता निरंतर बढ़ रही है. कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी मंथन हुआ और शिक्षा से जुड़े संगठनों ने अपने-अपने स्तर पर योगदान का आश्वासन दिया. आंबेकर ने कहा कि भाषा, इतिहास और ज्ञान के संदर्भ में पाठ्यपुस्तकों में सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं. प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक, विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले, इसके प्रयास हो रहे हैं. संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए पंच परिवर्तन संकल्प के तहत पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबंधन और नागरिक कर्तव्यों के विषयों पर विशेष कार्य करने की योजना है. आंबेकर ने स्पष्ट कहा कि बंगाल में घुसपैठ और हिंदुओं के लिए बढ़ता खतरा गंभीर चिंता का विषय है. लॉ एंड ऑर्डर की बिगड़ती स्थिति पर भी चर्चा की गई. नक्सल प्रभावित वनवासी क्षेत्रों में हिंसा कम हुई है, लेकिन स्थिति अब भी चुनौतीपूर्ण है. वनवासी कल्याण आश्रम इन क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है. उन्होंने कहा कि संघ की दृष्टि में निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक हैं.

## लखनऊ में डीआरडीओ का बड़ा कॉन्क्लेव

**लखनऊ, 07 सितम्बर.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र ने लखनऊ में एक महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव आयोजित किया. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स को रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जोड़ना था. यह पहल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है.कॉन्क्लेव में 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें एमएसएमईएस, स्टार्टअप्स और लघु उद्योग भारती से जुड़े उद्यमी शामिल थे.

# इंडिया गठबंधन के सांसदों को खरगे देंगे भोज

▶ उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक एक दिन पहले होगा आयोजन

**नई दिल्ली, 07 सितंबर ( वार्ता ) उपराष्ट्रपति चुनाव से पूर्व कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया गठबंधन के सांसदों के लिये रात्रि भोज का आयोजन करेंगे ।**



उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक एक दिन पहले सोमवार को संसद भवन ऐनेक्सी में रात्रि भोज का आयोजन किया गया हैं। रात्रिभोज के जरिए कांग्रेस अध्यक्ष उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये विपक्षी एकजुटता का परिचय देना चाहते हैं। गौरतलब है कि चुनाव से पहले विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी देश के कई विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर समर्थन का आग्रह कर चुके हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अपना समर्थन न्यायमूर्ति रेड्डी को दे दिया हैं। रात्रि भोज के जरिए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे इंडिया गठबंधन के इतर दलों से भी समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है, क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया।

## फिलिस्तीन एक्शन के समर्थन में प्रदर्शन में 150 लोग गिरफ्तार

**लंदन 07 सितंबर ( वार्ता )** लंदन में एडवोकेसी नेटवर्क फ़िलिस्तीन एक्शन के समर्थन में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में पुलिस ने शनिवार को लगभग 150 लोगों को गिरफ़्तार किया। लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन अपराधों में एक पुलिस अधिकारी पर हमला और एक प्रतिबंधित संगठन के प्रति समर्थन व्यक्त करना शामिल है। अभियान समूह डिफेंड अवर ज्यूरीज़ के अनुसार लगभग 1,500 लोग वेस्टमिंस्टर एब्बे के पास पार्लियामेंट स्क्वायर पर मैं नरसंहार का विरोध करता हूं।

# प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर नमो युवा रन का होगा आयोजन

**नई दिल्ली, 07 सितंबर ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर को देशभर में 75 स्थानों पर नशा मुक्त भारत के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा ( भाजयुमो ) द्वारा नमो युवा रन का आयोजन किया जाएगा।**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में इसकी घोषणा की। इस अवसर पर तेजस्वी सूर्या ने बताया कि फिटनेस के प्रतीक के तौर पर पहचाने जाने वाले मॉडल, एक्टर मिलिंद सोमण नमो युवा रन के ब्रांड एंबेसडर होंगे। इस अवसर पर नमो युवा रन की टी शर्ट और एप भी लॉन्च किया गया। सूर्या ने बताया कि भाजयुमो प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 17 सितंबर को भाजयुमो देश के 75 स्थानों पर नमो युवा रन आयोजित कर रही है। जिसमें हर स्थान पर करीब 10,000 युवा के भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक नमो युवा रन में 10 लाख से अधिक युवा भाग लेंगे।

# वीआईटी चेन्नई में 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

**कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने की अध्यक्षता**

**चेन्नई, 07 सितंबर वीआईटी चेन्नई का 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह शनिवार ( 6 सितंबर, 2025 ) को आयोजित किया गया। तमिलनाडु सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल थियागा राजन ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में भाग लिया और रैंक धारकों और पीएचडी शोधार्थियों को पदक -उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किए।**



शेली सालेहिन, बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त, बांग्लादेश उप उच्चायोग, चेन्नई, मुख्य अतिथि थे। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन और डॉ. जी.वी. सेल्वम ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन में, डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने लिंग, समुदाय और धर्मों से परे सभी के लिए शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच के महत्व पर ज़ोर दिया। डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने युवाओं से अपने दृष्टिकोण और मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा लोगों को समाज के प्रति एक नरम दृष्टिकोण रखने में मदद करे और उन्होंने कहा कि तकनीकी संस्थानों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विधि की शिक्षा प्रदान करने की अवधारणा महत्वपूर्ण है। यह याद करते हुए कि एक सदी से भी पहले तमिलनाडु में ही सभी लड़कों और लड़कियों के लिए अनिवार्य शिक्षा लागू की गई थी।

# कांग्रेस को अभी लोकतंत्र के बारे बहुत कुछ सीखना हैं : पूनियां

**जोधपुर 07 सितंबर ( वार्ता ).** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पूनियां ने कांग्रेस को लोकतंत्र के बारे में और सीखने एवं नैतिक प्रशिक्षण लेने की जरुरत बताते हुए कहा है कि उसके नेता सत्ता से हटते ही मानसिक रूप से इतने विचलित हो जाते हैं कि विपक्ष की भूमिका के बारे में भी उन्हें कोई संज्ञान नहीं है। पूनियां ने अपने जोधपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भले ही सबसे पुरानी पार्टियों में से एक हो, लेकिन उसे अभी भी देश के लोकतंत्र के बारे में बहुत कुछ सीखना है। इसके नेता सत्ता से



हटते ही मानसिक रूप से इतने विचलित होते हैं कि विपक्ष की भूमिका के बारे में भी उन्हें कोई संज्ञान नहीं है। इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व दोषी है। उन्होंने कहा कि वे सत्ता के बिना नहीं रह सकते है और एक रचनात्मक विपक्ष किसी भी देश के लोकतंत्र की ताकत होता हैं लेकिन आज की राहुल गांधी कांग्रेस ने उस युग धर्म को भुला दिया हैं।

## एक नजर में

### मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी माओवादी ढेर

**नई दिल्ली, 07 सितंबर.** पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. रविवार को सरंडा जंगल में गोइलकेरा थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 लाख रुपए के इनामी माओवादी अमित हासदा उर्फ आप्तन को मार गिराया. पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने इसकी पुष्टि की. मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने एक एसएलआर राइफल, विस्फोटक और अन्य हथियार बरामद किए हैं. इसके बाद पूरे जंगल में अन्य माओवादी ठिकानों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. फिलहाल जांच जारी है और आगे की जानकारी का इंतजार है.

### दिल्ली पुलिस ने 6 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 07 सितंबर (वार्ता).** दिल्ली पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए छह सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. इन अभियानों मे चोरी, लूट और झपटमारी के सात से अधिक मामलों का पर्दाफाश हुआ है. पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि प्रसाद नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बापा नगर, करोल बाग निवासी योगेश उर्फ कालू को पकड़ा था. आरोपी जेब से मोबाइल फ़ोन चोरी करने में माहिर है और नशे का आदी बताया गया है. उसके पास से चोरी किए गए सैमसंग-ए736 5जी और आईफ़ोन 16 प्रो मैक्स बरामद हुए. पूछताछ में उसने कई वारदातें कबूल कीं और सात मामलों का राज खुला. वहीं जामा मस्जिद थाना क्षेत्र में पुलिस ने 20 वर्षीय फ़ुरकान को गिरफ़्तार किया, जिसने अपने साथी सलमान के साथ एक युवक से मोबाइल और नक़द 9,200 लूटे थे.

### पिस्तौल और हेरोइन के साथ पांच गिरफ्तार

**जालंधर 07 सितंबर.** पंजाब सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए, सतर्क बीएसएफ जवानों ने कई घटनाओं में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और पिस्तौल, गोला-बारूद, ड्रोन और हेरोइन जब्त की.बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ और एएनटीएफ, अमृतसर की एक संयुक्त टीम ने शनिवार को तरनतारन के चब्बल इलाके के पास रणनीतिक रूप से घात लगाकर हमला किया. इसके बाद, संयुक्त टीम ने एक तस्कर को उसके कब्जे से एक पैकेट हेरोइन (कुल वजन- 504 ग्राम), एक मोबाइल फोन और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया. गिरफ्तार व्यक्ति, मालूवाल गाँव का निवासी है और उसके अवैध संबंधों का पता लगाने के लिए विस्तृत पूछताछ हेतु एएनटीएफ की हिरासत में है. एक अन्य मामले में बीएसएफ और एएनटीएफ, अमृतसर की संयुक्त टीम तरनतारन के सुर सिंह मार्केट में संदिग्ध क्षेत्र में पहुँची और चार तस्करों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया. विस्तृत तलाशी लेने पर उनके पास से हेरोइन से भरे नौ पैकेट (कुल वजन- 5 .032 किलोग्राम), दो पिस्तौल, एक स्कॉर्पियो वाहन, चार मोबाइल फोन, दो बाइक और एक हजार रुपए की भारतीय मुद्रा जब्त की गई. गोइंदवाल और सोहल गाँवों के निवासी अपराधी आगे की जाँच के लिए एएनटीएफ की हिरासत में हैं.

# नीतीश ने महिला रोजगार योजना पोर्टल किया लॉन्च

▶ 558 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

**पटना, 07 सितंबर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को सिवान जिले के पचरूखी में 558 करोड़ 35 लाख रुपये लागत की नौ विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास और कार्यारंभ कर जिले को कई बड़ी सौगातें दीं।**

साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के पोर्टल का उद्घाटन कर राज्य में महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत की। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने एक साथ बुनियादी ढांचे के विस्तार और महिला सशक्तिकरण को नई गति देने का काम किया है। सिवान जिले में 558 करोड़ रुपये से अधिक की नौ योजनाओं की शुरुआत के साथ-साथ उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के पोर्टल का शुभारंभ कर राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा अवसर दिया है। यह दोहरी पहल बिहार के विकास मॉडल में एक और मजबूत कदम मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी योजनाएं राज्य के आधारभूत ढांचे को मजबूत करेंगी और स्थानीय लोगों को रोजगार एवं यातायात सुविधा दोनों में सुधार मिलेगा। मौके पर पेंशनधारियों, जीविका दीदियों और अन्य लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उन्होंने योजनाओं के जमीनी प्रभाव का जायजा भी लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की डिजिटल शुरुआत करते हुए इससे संबंधित पोर्टल और आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने 1, अणे मार्ग से 250 जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो राज्यभर में अगले 20 दिनों तक वीडियो के माध्यम से इस योजना की जानकारी देंगे।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 222 करोड़ रुपये से मैरवा में 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र, 120 करोड़ रुपये से पचरुखी बाईपास से गोपालपुर सड़क चौड़ीकरण, और 92 करोड़ की लागत से रेल ओवरब्रिज निर्माण जैसी बड़ी योजनाओं की नींव रखी। इसके अलावा सिवान-आंदर सड़क, 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, और 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के द्वितीय सर्किट स्ट्रिंगिंग सहित अन्य छह परियोजनाएं भी शुरू की गईं।

# मिनेसोटा में हेलीकॉप्टर क्रैश, सभी यात्रियों की मौत

**मिनेसोटा ( अमेरिका ), 7 सितम्बर. अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एक निजी हेलीकॉप्टर क्रैश होकर पूरी तरह जल गया.**



हादसा टविन सिटीज़ क्षेत्र के एयरलेक एयरपोर्ट के पास स्थानीय समयानुसार करीब 2ः45 बजे हुआ. इस दुर्घटना में हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो गई.

क्रैश के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने देखा कि हेलीकॉप्टर आग की लपटों में घिर चुका था और उसमें किसी के बचने की संभावना नहीं थी. राहत की बात यह रही कि हादसा किसी आबादी वाले क्षेत्र में नहीं हुआ, जिससे जमीन पर किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ. दुर्घटना का शिकार हुआ हेलीकॉप्टर रॉबिन्सन आर 66 मॉडल का था, जो हल्का और सिंगल-इंजन वाला हेलीकॉप्टर है. इसे आम तौर पर निजी उड़ानों, ट्रेनिंग और छोटे व्यवसायिक कार्यों में इस्तेमाल किया जाता है. इसकी क्षमता एक पायलट और चार यात्रियों की होती है.

## आज का इतिहास

- 1701 जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किए.
- 1812 नेपोलियन ने रूसी सेना को हराया.
- 1822 ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की.
- 1889 स्वतन्त्रता सेनानी शरत चन्द्र बोस का जन्म.
- 1902 ऑस्ट्रेलिया में भयानक सूखा पड़ने के बाद देश भर के लोगों ने वर्षा के लिए एक साथ ईश्वर से प्रार्थना की.
- 1906 बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना हुई.
- 1931 लंदन में गोलमेज सम्मेलन का दूसरा सत्र शुरू हुआ.
- 1943 टेक्सास के ह्यूस्टन में एक होटल में आग लगने से 45 लोगों की मौत.
- 1948 मलयालम फ़िल्म अभिन.ता मम्मूटी का जन्म.

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** ▶ **दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप**

# कपास पर ड्यूटी हटाकर आखिर किसे फायदा पहुंचा?

**नई दिल्ली, 07 सितंबर. आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा, देश का किसान फिर संकट में है. जून-जुलाई में कर्ज लेकर कपास की फसल बोने वाले किसानों की मेहनत पर अब पानी फिरता नजर आ रहा है.**



सरकार ने अमेरिका से आयातित कपास पर 11% ड्यूटी हटा दी है, जिससे विदेशी कपास सस्ती और घरेलू कपास औंधे मुंह गिरने के कगार पर है. दूसरी ओर हीरा उद्योग में भी गहरा संकट है. अमेरिकी टैक्स नीति से सूरत में लाखों मजदूर बे रोजगार हो गए हैं, लेकिन केंद्र सरकार अमेरिकी दबाव में चुप बैठी है. किसान से लेकर कारीगर तक हताश हैं, और सवाल सरकार से हो रहे हैं. जून-जुलाई मेंजब किसान कर्ज लेकर कपास की बुआई करता है, तो उसे भरोसा होता है कि अक्तूबर-नवंबर में उसकी मेहनत का फल मिलेगा. मगर इस बार सरकार के एक फैसले ने उसकी सारी उम्मीदों को तोड़ दिया है.

भारत सरकार ने अमेरिका से आने वाली कपास पर 11% इंपोर्ट ड्यूटी हटा दी है. इसका सीधा असर भारतीय किसानों की फसल पर पड़ेगा, क्योंकि विदेशी कपास अब सस्ती हो गई है और भारतीय मंडियों में कपास के भाव गिरने की आशंका प्रबल हो गई है.

### कपास उत्पादक राज्यों के किसान हताश

कपास उत्पादक राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र के किसान इस फैसले से हताश हैं. किसान संगठनों का कहना है कि टेक्सटाइल कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों की बलि दी जा रही है. इन कंपनियों ने पहले ही सस्ते दाम पर अमेरिका से बड़ी मात्रा में कपास मंगवा ली है.

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, ये फैसला किसानों के खिलाफ है। मोदी सरकार ने किसानों की पीठ में छुरा घोंपा है। सवाल ये उठता है कि ड्यूटी हटाने का फैसला यह राहत 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। यानी अगले तीन महीनों तक अमेरिकी कपास मंडियों में छाई रहेगी और देसी किसानों की उपज औने-पौने दामों में बिकेगी।

## गयाजी में आज से शुरू हुआ पिंडदान

**गया जी,07 सितंबर ( वार्ता ).** बिहार की धार्मिक नगरी गया जी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध के बीच आज से पिंडदान कर्मकांड शुरू हो गया। इस बार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं इस पिंडदान मेले की शुरुआत से पहले तैयारियों का जायजा लिया था और सुरक्षा के चाकचौबंद व्यवस्था के निर्देश दिए थे। इस बार पिंडदान को लेकर जगह-जगह प्रमुख चौक चौराहों पर शिविर बनाया गया है । इन शिविरों में तीन शिफ्टों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई हैं। इसके अलावा स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा शिविर लगाकर तीर्थ यात्रियों को चाय, बिस्किट, पेयजल आदि की निशुल्क व्यवस्था की गई है।